4048(E)
17/6/26

## पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 16/06/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, लखीसराय के अन्तर्गत Widening and Strengthening of Gunsagar to Salaunja Road Via Sarsanda, Khairma, Bahrama, Sethna for the year 2024-25 कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड, जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर अनुमोदन हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजकुमार, मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–4028(अनु०) दिनांक–25.11.2025 के माध्यम से प्राप्त दिनांक–18.11.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही, अनुशंसा एवं संलग्न जाँच–पत्र में अंकित सूचनाओं एवं विभागीय पत्रांक–8175(E)We दिनांक–03.12.2025 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, दक्षिण के पत्रांक–680(अनु०) दिनांक–17.02.2026 द्वारा समर्पित वांछित अभिलेखों/कागजातों के आधार पर विवरणी निम्नवत् हैः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Widening and Strengthening of Gunsagar to Salaunja Road Via Sarsanda, Khairma, Bahrama, Sethna for the year 2024-25 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, लखीसराय। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹5956.85 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–5489(S) दिनांक–11.11.2024 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹5396.00 लाख।<br>मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–300(अनु०) दिनांक–28.05.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹5241.60046 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 18 (Eighteen) Months. |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |

2.9 निविदा प्राप्ति की तिथि : 11.09.2025

2.10 प्राप्त निविदा की संख्या : 01 (एक) अदद यथाः–

(i) M/s Sudesh Kumar Singh & Co. Construction Pvt. Ltd.

2.11 तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तकनीकी बीड निष्पादन का प्रसंग : मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–4028(अनु०) दिनांक–25.11.2025

2.12 प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण : पुनर्निविदा है। प्रथम निविदा में एकल निविदा प्राप्त होने के कारण इसे रद्द किया गया है।

3. इस निविदा में 01 (एक) निविदाकार द्वारा भाग लिया गया है। 01 (एक) निविदाकार M/s Sudesh Kumar Singh & Co. Construction Pvt. Ltd. द्वारा वाँछित अग्रधन की राशि B.G. के माध्यम से जमा किया गया है।

4. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय :–**

4.1 अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, मुंगेर के पत्रांक–1398(अनु०) दिनांक–19.09.2025 से प्राप्त तकनीकी बीड तथा इसके साथ संलग्न जाँच–पत्र में अंकित सूचनाओं के आधार पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय निम्नवत् है:–

4.2 पथ प्रमंडल, लखीसराय के अन्तर्गत Widening and Strengthening of Gunsagar to Salaunja Road Via Sarsanda, Khairma, Bahrama, Sethna for the year 2024-25 कार्य के लिए प्राप्त पुनर्निविदा के तकनीकी बीड पर समीक्षा की गई। समीक्षोपरान्त् पाया गया कि निविदा में भाग लेने वाले 01 (एक) निविदाकार M/s Sudesh Kumar Singh & Co. Construction Pvt. Ltd. निविदा के न्यूनतम वांछित अर्हत्ता को पूर्ण करते है।

समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त् पाया गया कि पुनर्निविदा में भाग लेने वाले एक मात्र निविदाकार M/s Sudesh Kumar Singh & Co. Construction Pvt. Ltd. को तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

4.3 चूँकि यह पुनर्निविदा है एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन हेतु एक मात्र निविदाकार M/s Sudesh Kumar Singh & Co. Construction Pvt. Ltd. है। अतः निविदा निष्पादन हेतु विभागीय पत्रांक–3162(S) दिनांक–09.05.2016 के आलोक में एक स्तर ऊपर के प्राधिकार अर्थात् विभागीय निविदा समिति का अनुमोदन प्राप्त करने हेतु अनुशंसा की जाती है।

5. विभागीय निविदा समिति का निर्णयः–

5.1 मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–4028(अनु०) दिनांक–25.11.2025 से प्राप्त दिनांक–18.11.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही, अनुशंसा तथा इसके साथ संलग्न जाँच–पत्र में अंकित की गई सूचनाओं एवं विभागीय पत्रांक–8175(E)We दिनांक–03.12.2025 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, दक्षिण के पत्रांक–680(अनु०) दिनांक–17.02.2026 द्वारा समर्पित वांछित अभिलेखों/कागजातों के आधार पर विभागीय निविदा समिति का अनुमोदन निम्नवत् है :–

5.2 पथ प्रमंडल, लखीसराय के अन्तर्गत **Widening and Strengthening of Gunsagar to Salaunja Road Via Sarsanda, Khairma, Bahrama, Sethna for the year 2024-25** कार्य के लिए प्राप्त पुनर्निविदा के तकनीकी बीड पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में एकल निविदाकार यथा **M/s Sudesh Kumar Singh & Co. Construction Pvt. Ltd.** को बिहार लोक निर्माण संहिता के नियम–163(3) के तहत् तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

5.3 विभागीय आदेश–141–सह–पठित ज्ञापांक–5355(एस) दिनांक–28.10.2021 के आलोक में तकनीकी बीड में सफल निविदाकार का वित्तीय बीड खोलने एवं तदोपरान्त वित्तीय बीड निविदा निष्पादनार्थ विभागीय निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय लिया जाता है। बशर्ते उक्त विभागीय निदेश के अनुसार निर्धारित अवधि दो दिनों में इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त न हो। यदि परिवाद प्राप्त होता है, तो सक्षम स्तर से परिवाद निष्पादन के उपरान्त ही वित्तीय बीड खोला जायेगा।

5.4 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16/06/26 | Kumar 16/06/26 | 16/06/26 | |
| (मजीद अहमद)<br>आन्तरिक<br>वित्तीय सलाहकार,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (राजकुमार)<br>मुख्य अभियंता,<br>दक्षिण,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर<br>आयुक्त–सह–विशेष सचिव<br>(कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (पंकज कुमार पाल)<br>सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–212/2025 4048(E) पटना, दिनांक 17/6/26

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

16/06/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।